दिनांक 08 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

छठ पर्व के लिये तालाब सफाई एवं आवश्यक कार्यो को दिया जा रहा है अंतिम रूप , निगम प्रशासन ने झोंकी ताकत

-सुबह से आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लिया जायजा

भिलाई नगर। छठ पर्व के मद्देनजर निगम प्रशासन 15 से 20 दिन पूर्व से तालाबों की सफाई में लगा हुआ है। अब तालाबों में पर्व के आयोजन को देखते हुये अंतिम रूप दिया जा रहा है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे तालाबों में पहुंचकर सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्वयं जायजा ले रहे है , प्रातः से ही आयुक्त तालाबो का दौरा कर सफाई व्यवस्था देख रहे है , आज आयुक्त ने प्रातः भेलवा तालाब नेहरू नगर , शीतला तालाब सुपेला , पंडित दिनदयाल उपाध्याय तालाब स्मृति नगर , छावनी तालाब एवं सेक्टर 2 तालाब का निरीक्षण किये इसके अतिरिक्त उन्होंने रोड स्वीपिंग एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया। सुबह से ही निगम का अमला तालाब में सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था , रंग रोगन , चूना मार्किंग एवं अन्य आवश्यक कार्यो में लगे हुये है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपेला तालाब की सफाई करा दी गई है। प्रतिदिन जो तालाब में गंदगी की जा रही है उसकी भी नियमित सफाई की जा रही है , वहीं तालाब सफाई को लेकर जन समर्थन भी प्राप्त हो रहा है।

इन तालाबों की हुई सफाई दिया जा रहा है अंतिम रूप -

जुनवानी शीतला तालाब, स्मृति नगर तालाब, भेलवा तालाब, दाउबाड़ा तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब, शनिमंदिर के पीछे स्थित तालाब , सेक्टर 02 तालाब, सेक्टर 07 तालाब, छावनी दर्री तालाब एवं सूर्यकूण्ड लक्ष्मण तालाब , बापूनगर तीन तालाब , बाबा बालकनाथ मंदिर , शास्त्रीनगर स्थित तालाब , शिवाजी नगर तालाब , तेल्हानाला तालाब इसके अतिरिक्त बैकुंठधाम तालाब , कुरूद नकटा तालाब , केम्प 01 तालाब एवं घासीदास नगर स्थित तालाब की सफाई कराई गई है। छठ पर्व को देखते हुए तालाबों में अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी